हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 6 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

10 राजपूत सभा ने रानी दुर्गावती की जयंती मनाई



10 लौहान गौत्र की पंचायत में शमशेर बने राष्ट्रीय अध्यक्ष



## खबर संक्षेप

### आवेदक पोर्टल पर 8 तक सही कर सकेंगे दस्तावेज

**हिसार।** पराली प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्कीम के तहत आवेदक पोर्टल पर 8 अक्टूबर तक दस्तावेज सही कर सकेंगे। सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान ने बताया कि जिन भी आवेदकों ने पैडी स्ट्रा सप्लाई चैन के लिए वर्ष 2025-26 के लिए दिनांक 04 अगस्त तक आवेदन किया था, उनमें से बहुत से आवेदकों के दस्तावेज पोर्टल पर पूर्ण नहीं पाए गए। इस कारण उनके आवेदन की सिफारिश स्टेट लेवल स्क्रुटनिंग कमेटी को नहीं की गई थी।

### वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर निकलेगी शोभायात्रा

**हिसार।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के तत्वाधान में भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस के उपलक्ष में 7 अक्टूबर को सुबह 8 बजे नेताजी कालोनी, आदर्श नगर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसके मुख्य अतिथि नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली होंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में वार्ड 16 के पार्षद ठेकेदार राजेन्द्र बिड़लानी, भावाधस के राष्ट्रीय संचालक चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर नगर निगम हिसार वीरश्रेष्ठ राजकुमार कांगड़ा, नगर निगम कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष अध्यक्ष सुरेंद्र उर्फ गोलू और भावाधस के प्रदेश अध्यक्ष वीर गगनदीप चिंडालिया उपस्थित होंगे।

### मोबाइल फोन चोरी के मामले में एक पकड़ा

**हिसार।** अनाज मंडी चौकी पुलिस ने बस में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए भादरा निवासी अजय को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अजय ने हाल ही में हरियाणा रोडवेज बस में यात्री झज्जर के अमादलपुर निवासी जितेन्द्र का पिट्ठू बैग छलपूर्वक कंडक्टर से ले लिया और चलती बस से अनाज मंडी इलाके के पास उतरकर फरार हो गया था। बैग में मोबाइल फोन चार्जर, कपड़े, किताबें, बैंक की कॉपी एवं कुछ रुपये थे। पुलिस ने शिकायतकर्ता जितेन्द्र की शिकायत पर 13 सितंबर को शहर थाना में केस दर्ज किया था। इसी मामले में आरोपी की पहचान करते हुए उसे गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### युवक की हत्या मामले में नाबालिग गिरफ्तार

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी ओवरब्रिज के पास चाकुओं से वार करके कारिंदे तुषार उर्फ रानू सैनी निवासी बड़वाली ढाणी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक अन्य नाबालिग को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में दो नाबालिगों सहित तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। दोनों नाबालिगों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें आब्जर्वेशन होम भेज दिया गया जबकि एक अन्य आरोपी को अदालत ने दो दिन के रिमांड पर भेज दिया है। शनिवार को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित एक अन्य आरोपी तुषार उर्फ काका को गिरफ्तार किया था।

## चुरू के होटल पैराडाइज के पास सुबह हुआ हादसा

# सालासर जा रहे तीन पैदल यात्रियों की हादसे में मौत

### मृतकों में जीजा-साला और एक अन्य शामिल, परिजन पहुंचे मौके पर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हिसार से पैदल सालासर बालाजी के दर्शन के लिए जा रहे तीन लोगों को चुरू के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल हुए जीजा-साला सहित तीन की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों पैदल बालाजी के दर्शन करने हाथ में ध्वजा लेकर जा रहे थे कि रविवार सुबह अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी।

परिजनों के अनुसार यह हादसा चुरू के पास होटल पैराडाइज के पास हुआ। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने मरने वाले तीनों युवकों के परिजनों को सूचना दी, जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान 34 वर्षीय प्रीतम सिंह, 32 वर्षीय सुरेन्द्र ढांडा व 30 वर्षीय मनजीत के रूप में हुई है। मनजीत सुरेंद्र का बहनोई था। सूचना के बाद मृतक के परिजन चूरू के अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। बताया जा रहा है कि प्रीतम हिसार में पेट्रोल पंप पर सेल्समैन था जबकि सुरेंद्र हिसार में ही एक प्राइवेट एकेडमी में कर्मचारी था जबकि मनजीत खेती-किसानी से जीवन यापन कर रहा था।



हिसार। हादसे के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन। फोटो : हरिभूमि

#### दो अक्टूबर को सुबह हुए थे रवाना

मृतकों के परिजनों के अनुसार जिले के गांव न्योली कलां से तीनों दो अक्टूबर की सुबह 4 बजे रवाना हुए थे। पैदल यात्रा के लिए उन्होंने एक बाइक भी साथ रखी थी। हादसे के समय तीनों सड़क किनारे पैदल चल रहे थे, जबकि अन्य दो साथी सामान से लदी बाइक पर आगे निकल गए थे। हादसे के एक घंटे बाद जब वे घटनास्थल पर उन्हें ढूंढते हुए पहुंचे तभी उन्हें हादसे के बारे में पता चला। इसके बाद वे सीधे अस्पताल पहुंचे और इनके परिजनों को सूचना दी।



मनजीत (फाइल फोटो)



प्रीतम (फाइल फोटो)



सुरेन्द्र (फाइल फोटो)

#### विवाहित थे तीनों

परिजनों के अनुसार लगभग 34 वर्षीय मृतक प्रीतम सामान्य परिवार से संबंध रखता है। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। प्रीतम विवाहित था और उसके एक बेटा और एक बेटी है। वह पेट्रोल पंप पर सेल्समैन की नौकरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। पिता जमीन ठेके पर लेकर खेती करते थे। वहीं 29 वर्षीय सुरेंद्र भी विवाहित था। सुरेंद्र घर का बड़ा बेटा था। उसका एक बेटा भी है जबकि सुरेंद्र के जीजा मनजीत की एक साल पहले ही शादी हुई थी।

#### दो गंभीर

हादसे में चूरू के गांव लंबोर छिपियान निवासी 19 वर्षीय प्रशांत व रतनपुरा निवासी 36 वर्षीय विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के सिर में गंभीर चोटें आने से चूरू के अस्पताल से हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पैदल यात्रियों को टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया।

# 26 को मनेगी नामदेव जयंती

- मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

संत शिरोमणि नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नामदेव सभा की मीटिंग रविवार को नामदेव धर्मशाला में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता मास्टर प्रताप सिंह वर्मा व मनीराम कोहली प्रधान ने की।

नामदेव सभा के प्रेस सचिव विनोद रोहिला ने बताया कि संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की जयंती अबकी बार हिसार में मनाई जाएगी। पिछली साल यह जयंती संत कबीर कुटीर मुख्यमंत्री निवास पर मनाई गई थी। इस बार 26 अक्टूबर को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के रणवीर सिंह ऑडिटोरियम में नामदेव जयंती मनाई जाएगी जिसमें छिपी समाज के हरियाणा प्रदेश व अन्य राज्यों के समाज बंधु भी भाग लेंगे।



हिसार। मीटिंग में चर्चा करते संत शिरोमणि नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नामदेव सभा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को लेकर पिछड़ा वर्ग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा भी मुख्यमंत्री से उनके निवास पर मिले थे। मीटिंग हरपाल सिंह, सत्यवान किरोड़ी, करण सिंह पवार, रामेश्वर दास भाटी, मास्टर सतनारायण, करण सिंह, विनोद रोहिल्ला, कृष्ण रोहिल्ला खरड़, अजय अग्रोइया, एडवोकेट अरविन्द, अंबिका प्रसाद आदि मौजूद थे।

### गांजा बरामदगी में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार किया

**हिसार।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर नशा तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जांच अधिकारी एएसआई सुरेंद्र मोर ने बताया कि इस वर्ष 9 जुलाई को सीआईए टीम ने थाना आदमपुर क्षेत्र से भोडिया खेड़ा निवासी शेरसिंह को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में 18 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। पता चला कि बरामद गांजा का मुख्य सप्लायर राजस्थान के सीकर जिले के गांव गौडिया बाड़ा निवासी मनोज कुमार है।

# महिलाओं की सुरक्षा की ढाल बना सुकून केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा सुकून केंद्र**

प्रदेश सरकार की पहल पर शुरू किए गए सुकून केंद्र आज महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुके हैं। जिला नागरिक अस्पताल हिसार में स्थापित यह केंद्र अब तक 1540 से अधिक हिंसा पीड़ित महिलाओं और बच्चों को काउंसलिंग के माध्यम से सहायता प्रदान कर चुका है। काउंसलर राहुल शर्मा का कहना है कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे शारीरिक, मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न को रोकना तथा उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करना है।



राहुल शर्मा, जिला सुकून काउंसलर।

# आर्यन ने रेस में जीता सिल्वर मेडल

- राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर की छात्रा है आर्यन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

58वीं राज्य स्तरीय स्कूली स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शाहपुर गांव के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा आर्यन बैनीवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल जीता। यह प्रतियोगिता फरीदाबाद के स्टेट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शाहपुर स्कूल की छात्रा आर्यन बैनीवाल ने 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान पर जीत दर्ज की।



हिसार। स्कूल में छात्रा आर्यन को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### खेल प्रतियोगिताओं में सक्रिय

सामाजिक कार्यकर्ता रणधीर सिंह बैनीवाल ने बताया कि स्कूल में 12वीं की छात्रा आर्यन बैनीवाल खेल प्रतियोगिताओं में सक्रिय है और पिछले तीन साल से दौड़ और लम्बी कूद प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। स्कूल की प्राचार्या डॉ. आदर्श चौधरी ने स्कूल में पहुंचने पर छात्रा को ट्राफी तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खेल प्रशिक्षक अंग्रेज सिंह जाखड़, तथा स्टाफ सदस्यों ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पावर स्पोर्ट्स ग्रुप की लड़कियों ने मारी बाजी

- अंडर-19 गर्ल्स कैटेगरी में उम्दा प्रदर्शन कर टीम ने बैडमिंटन में गोल्ड मेडल झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गोहाना के मदन लाल ढींगरा स्टेडियम में आयोजित सीबीएसई नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में डीएचबीवीएन बैडमिंटन नर्सरी व हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप की अंडर-19 गर्ल्स कैटेगरी खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल अपने नाम किया है।

अंडर-19 गर्ल्स कैटेगरी में दित्य, आराध्या, प्रीति और कनक ने अंडर-19 गर्ल्स कैटेगरी में उम्दा प्रदर्शन कर टीम ने गोल्ड मैडल झटका। यह सभी लड़कियों स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, हिसार की छात्रा हैं।

साथ ही दित्या ने वेस्ट बंगाल की अन्वीक्षा से कड़ी टक्कर में सिंगल इवेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया और सिल्वर मैडल अपने नाम किया। मिक्स डबल इवेंट में अराध्या ने गोल्ड मेडल जीतकर नर्सरी का नाम रोशन किया। बैडमिंटन नर्सरी की गर्ल्स टीम ने ओमान, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, आसाम, रियाद, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश व फाइनल में दुबई को हराकर लगातार सभी मैचों में शानदार जीत दर्ज की है। इन मुकाबलों में तीन अंतरराष्ट्रीय टीमों को भी हराया व सिंगल व मिक्स डबल मे भी कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को हराया।



हिसार। खिलाड़ियों को सम्मानित करते डायरेक्टर फाइनेंस रतन शर्मा।

#### लय को कायम रखा

अंडर-19 बॉयज कटैगरी में भी बॉयज टीम ने अपनी लय को कायम रखा है और ओमान, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार और असम की टीमों को पराजित कर अच्छा प्रदर्शन करते हुए कड़ी टक्कर के साथ मैच खेलते हुए कॉर्टर फाइनल मुकाबलों में एक पॉइंट के अंतर से बाहर हो गए। बैडमिंटन नर्सरी के कोच सुरेंद्र व वीरेंद्र ने रविवार को बताया कि अब तक डीएचबीवीएन बैडमिंटन नर्सरी की दोनों टीमें क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के साथ-साथ विदेशी टीमें ने भी भाग लिया। इससे पहले भी नर्सरी के खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की पहल

- त्योहारी सीजन में बाजारों व अन्य भीड़ वाले स्थानों पर दुर्गा शक्ति टीम की प्रभावी पैदल गश्त जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम द्वारा शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य त्योहारी सीजन में नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं किसी भी प्रकार की अशांति, छेड़छाड़ या असामाजिक गतिविधि को रोकना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि टीम के सदस्य बाजारों, बस अड्डों, मॉल, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगातार उपस्थित रहकर पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नज़र रखी जा रही है, साथ ही महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।



हिसार। गश्त के दौरान बातचीत करते महिला पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

#### जागरूक किया

दुर्गा शक्ति टीम न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है बल्कि महिलाओं को आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी कर रही है। टीम नागरिकों से यह भी आग्रह कर रही है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। त्योहारों के दौरान सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुर्गा शक्ति टीम को विशेष रूप से इस अवधि में चौकसी बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखने के लिए तैनात किया गया है।

# राष्ट्रीय खिलाड़ी की किट चोरी

- हिसार से लुधियाना पैसेंजर ट्रेन में हुई चोरी की वारदात
- बिना किट व जरूरी दस्तावेजों के बीकानेर इंटर रेलवे में गेम में एंट्री पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना मंडी

क्षेत्र के गांव मुगलपुरा निवासी नेशनल साइकिलिंग प्लेयर के बैग ट्रेन में चोरी हो गए। प्लेयर सुभाष ने रेलवे पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में सुभाष ने बताया कि वह उकलाना के गांव मुगलपुरा का रहने वाला है हाल ही में वह इंटर रेलवे गेम खेलकर जयपुर से हिसार ट्रेन में देर रात को करीब 3:30 पर आया था। इसके बाद वह उकलाना जाने के लिए रात को हिसार से लुधियाना वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ गया। सुभाष ने बताया कि उसके पास दो बैग और एक स्पोर्ट्स साइकिल थी। उसके पास खेलो इंडिया का बैग था उसमें मेरा एक पिट्ठू बैग, साथ ही रेलवे आई कार्ड, तीन नेशनल सर्टिफिकेट, दो एटीएम, पैन कार्ड, आधार कार्ड, दो जोड़ी साइकिलिंग सूज, एक हैलमेट थे। इसमें उसकी स्पोर्ट्स साइकिल के कुछ मैन पार्टस जिनकी कीमत 40 हजार से 50 हजार की थी।



जानकारी देते साइकिलिंग प्लेयर सुभाष।

#### पुलिस से गुहार

साथ ही रेलवे वन किट जो 8 अक्टूबर को बीकानेर इंटर रेलवे में पहनकर भाग लेना था। इसके बिना मेरी गेम में कोई एंट्री नहीं है। सुभाष ने रेलवे पुलिस को शिकायत देकर गेम से पहले बैग और चोरी हुआ सामान दूंढने की गुहार लगाई है।

# भाईचारा मिलन सम्मेलन किया

- जाट समाज के उत्थान के कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का युवाओं का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर की जाट धर्मशाला में भाईचारा मिलन सम्मेलन और हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट धर्मशाला प्रधान संजीव कुहाड़ ने की। जाट समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने हवन में आहुति दी और जाट धर्मशाला के कार्यों के बारे में विचार-विमर्श किया। इसके अलावा जाट धर्मशाला के कमरों में नई टॉयलेट बाथरूम की नींव रखी गई।



हिसार। हवन में उपस्थित धर्मशाला प्रधान संजीव कुहाड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### समाज से अपील

इस मौके पर जाट धर्मशाला प्रधान संजीव कुहाड़ ने पूरे समाज से आग्रह किया कि जाट धर्मशाला में अधिक से अधिक समय देने का कष्ट करेंगे। उन्होंने समाज के युवाओं से अपील की कि वे जाट समाज के उत्थान के कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। हवन में असामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान जगजीत सिंधू, दिलबाग सिंह हुड्डा व दलबीर किरमारा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर मोर ने किया। कार्यक्रम में जाट धर्मशाला हिसार की पूरी कार्यकारणी शामिल रही।

**खास खबर** कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया विश्वविद्यालय के लिए गौरवमयी पल

# 'सड़क दुर्घटना पूर्वानुमान उपकरण' से जोखिम होंगे कम, नोडल अधिकारी को मिला पेटेंट

- डॉ. नवदीप मोर को प्रदान किया गया यह चौथा पेटेंट है

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. नवदीप मोर को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा 'सड़क दुर्घटना पूर्वानुमान उपकरण' शीर्षक से पेटेंट प्रदान किया गया है। डॉ. नवदीप मोर को प्रदान किया गया यह चौथा पेटेंट है। डॉ. नवदीप मोर इस उपलब्धि को लेकर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिले।

इस अवसर पर उनके साथ सिविल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा प्रो. आशा गुप्ता भी उपस्थित रही। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने डॉ. नवदीप मोर की इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गौरवमयी बताया।



कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को पेटेंट प्रमाण पत्र सौंपते डॉ. नवदीप मोर।

#### बधाई दी

विभागाध्यक्षा प्रो. आशा गुप्ता ने भी डॉ. नवदीप मोर को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि डॉ. नवदीप मोर ने विभाग का नाम रोशन किया है। डा. नवदीप मोर हिसार जिले में एकमात्र प्रमाणित सड़क सुरक्षा लेखा परीक्षक भी हैं। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय के एमई के चार विद्यार्थियों को सह-पर्यवेक्षक के रूप में मार्गदर्शन दिया है। वे 8-9 वर्षों से सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं।

#### ऐसे करेगा कार्य

डॉ. नवदीप मोर ने बताया कि सड़क दुर्घटनाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं, जिनसे जान-माल की हानि, संपत्ति की क्षति और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ता है। सड़क दुर्घटना पूर्वानुमान उपकरण को वास्तविक समय की निगरानी, पूर्वानुमान विश्लेषण और बुद्धिमान अलर्ट को एकीकृत करके इन जोखिमों को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

*पेट जितना भी भरा रहे, आशा कभी नहीं भरती। वह जीवों को कोई-न-कोई अप्राप्य, कुछ नहीं तो केवल रंगों की माया का इंद्रधनुष प्राप्त करने के मायावी दलदल में फँसा ही देती है।*

**- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'**



*स्त्री अपने दर्द-दु:ख बाँट लेती है लेकिन पुरुष जैसे कुछ खास न हुआ हो, का दिखावा करते हुए भीतर ही भीतर घुलता रहता है। उधर कृष्णा के बार-बार कुरेदने पर भी शांत और उदास सी अंकिता ने कुछ भी संकेत नहीं दिया। पति के प्रति आकर्षण का समापन तो ब्याह के माह भर बाद से ही कृष्णा अनुभव कर रही थी, 'परन्तु दूसरे के घर में व्यवस्थित होने में समय तो लगता ही है' सोचकर वह दिनचर्या में व्यस्त रहती।*





कहानी

**आशा खत्री 'लता'**

# कलंक

विवाह के केवल चार महीने बाद ही अंकिता फिर कभी ससुराल न जाने के इरादे के साथ पीहर लौट आई। कुशल-क्षेम जानने के बाद बेटी कितने दिन साथ रहेगी इस उत्सुकता से माँ ने पूछा- 'अमर कब आएगा तुझे लेने?'

माँ के इस प्रश्न पर उस वक्त तो अंकिता मौन साध गई, परन्तु अगले एक दो दिन में ही उसने स्पष्ट कर दिया कि अब वह कभी ससुराल नहीं जाने वाली। यह जानकर उसकी माँ के तो जैसे पैरों तले से जमीन ही खिसक गई। बड़ी मुश्किल से तो बेटी को एमबीए करवाकर हाथ पीले किए थे। छोटी श्वेता भी तो कॉलेज जाने लगी है। पीयूष दसवीं में हो गया है। मात्र डेढ़ एकड़ का किसान बलजीत और कृष्णा ने अपनी दिन-रात की मेहनत से बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया हुआ है। पढ़ाई के खर्चे और भारी-भरकम फीस ने कभी कृष्णा को पसंद का कपड़ा तक तन से न लगाने दिया। जो पीहर से मिल जाता उसी में सब्र कर वह दो भैसों का दूध बेचकर हर माह कुछ न कुछ बचत करती है ताकि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई ठीक से हो सके। अंकिता के एमबीए करते ही बलजीत ने उसके लिए लड़का देखना शुरू कर दिया। जल्दी ही गाँव से लगभग तीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित महम में रहने वाले श्रीनिवास के लड़के अमर से उसका रिश्ता तय कर चट मंगनी पट ब्याह की कहावत चरितार्थ करते हुए हाथ पीले कर दिए। बलजीत ने चद्दर से बाहर पैर पसारते हुए बेटी को दहेज में कपड़े, गहने, घर के दैनिक उपयोग का सामान आदि भी दिए ताकि बेटी को पराये घर में किसी चीज की दिक्कत न हो। कृष्णा और बलजीत दोनों को लगता था कि बेटी सुखी रहेगी। वे उसकी जिम्मेदारी से मुक्त हो गए हैं तो कुछ दिनों में अपनी मेहनत से इधर-उधर से लिया गया उधार भी वे जल्दी ही चुका देंगे। परन्तु इतनी शीघ्र बेटी का ससुराल से मोहभंग होना उनके सपनों पर गाज गिरने के समान था। कारण चाहे कुछ भी हो पर बेटी का वापस आकर बैठना! क्या कहेंगे लोग? कहीं बेटी किसी और के चंगुल में तो नहीं है? यह आशंका भी उनके मन में उठी परन्तु भोली-भाली अंकिता का निश्छल स्वभाव उन्हें ऐसा सोचने की अनुमति नहीं दे रहा।

कृष्णा को याद आया कि महीना भर पहले जब अंकिता आई थी तो उसकी एक ही मांग थी 'माँ मेरे लिए अलग बिस्तर बना दो ताकि मैं वहाँ रहकर अलग कमरे में पढ़ाई कर सकूँ।' यह सुनकर उसके हृदय को शूल सी चुभी थी कि बेटी ऐसा क्यों कह रही है। परन्तु उसने अंकिता को सलाह दी 'अभी अपने वैवाहिक जीवन को सुदृढ़ करो पढ़ाई लिखाई तो चलती ही रहेगी।' यह कहकर कृष्णा ने बिस्तर वाली बात अगली बार पर टाल दी थी। परन्तु उसे क्या पता था कि अलग सोने का बहाना करने वाली अंकिता महीने भर बाद कभी वापस न जाने का मन बनाकर लौट आएगी। बलजीत तो बेटियों से कम बात करता है। वह बार-बार कृष्णा को अंकिता का मन लेने को कहता। स्त्री अपने दर्द-दुःख बाँट लेती है लेकिन पुरुष जैसे कुछ खास न हुआ हो, का दिखावा करते हुए भीतर ही भीतर घुलता रहता है। उधर कृष्णा के बार-बार कुरेदने पर भी शांत और उदास सी अंकिता ने कुछ भी संकेत नहीं दिया। पति के प्रति आकर्षण व मिलन के उल्लास का समापन तो ब्याह के माह भर बाद से ही कृष्णा अनुभव कर रही थी, 'परन्तु दूसरे के घर में व्यवस्थित होने में समय तो लगता ही है' सोचकर वह अपनी दिनचर्या में व्यस्त रहती। उसे तसल्ली इस बात की थी कि अंकिता ने कभी सास-ससुर, देवर, ननद, पति किसी के भी व्यवहार की, किसी तरह की कमी या दुःख की कोई शिकायत नहीं की तो उन्हें लगता रहा कि सब ठीक ही होगा।

कहते हैं न कि दीवारों के भी कान होते हैं। शायद यह सच ही होगा तभी तो अंकिता के ससुराल न जाने की बात गाँव भर में फैल गयी। अब लोगों ने उसे और चटपटी करते हुए नमक-मिर्च लगाकर तलाक की बात तक पहुंचा दिया। बात जब बाहर निकली तो बतंगड़ बनने ही थे। कुछ लोग तो आजकल लड़कियाँ कितनी बिगड़ गयी हैं का उदाहरण अंकिता का नाम लेकर देने लगे। जो भी सुनता एक वाक्य अपनी तरफ से जोड़ ही देता 'आजकल की लड़कियाँ घर कोनी बसावैं' तो कोई कहता 'देख लिया घणी पढ़ावण का नतीजा' और कोई कहता 'छोड़ दी होगी लड़के वालों ने, ये अपनी का कसूर क्यों बतावेंगे' मतलब जितने मुँह उतनी बात। जबकि इस प्रकरण से पहले यही लोग थे जो अंकिता की शराफत का उदाहरण अपनी बेटियों को देते थे।

इन सब बातों को बिना सुने भी अनुभव करते बलजीत कृष्णा बेटी के उतरे मुँह को देख खुद भी उदासी में डूब जाते। माँ भाँति-भाँति के जतन करती उसके मन की बात जानने को, परन्तु सफल न हो पाती। माँ तो माँ होती है अपनी संतान के हित उसके प्रयास कभी थमते नहीं। एक दिन गली में 'सूट ले ल्यो, सूट ले ल्यो' की आवाज सुनकर कृष्णा ने अंकिता को सुनाते हुए पीयूष से कहा 'बेटे बुला तो फेरी वाले को दो-चार अंकिता और एक सूट उसकी सास के लिए ले लेती हूँ।'

'रुक जा पीयूष' बाहर निकलते भाई को अंकिता ने रोका तो उसके पाँव ठिठक गए। 'माँ आप लोगों को कितनी बार कह चुकी कि मुझे वहाँ नहीं जाना।' उसने माँ की ओर देखते हुए कहा।

'पर क्यों नहीं जाना? कोई कारण तो हो? फिर यहाँ क्या करेगी? बाप की छाती पे मूंग दलेगी? देख तेरे छोटे बहन-भाई पर क्या असर पड़ेगा तेरे इस फैसले से। हम लोगों को क्या जवाब देंगे? कभी सोचा है तूने?' कहती हुई माँ रोने को हो आई। अंकिता कुछ जवाब देती, उससे पहले ही मोबाइल की घण्टी बज उठी। उसने मोबाइल पर आया नाम देखकर फोन काट दिया। मैट्रिक तक पढ़ी कृष्णा ने उसकी यह हरकत देखकर मोबाइल उसके हाथ से छीन लिया।

'अमर का फोन' वह बुदबुदाई और अगले ही पल वापस फोन मिला दिया। 'हेलो' 'हाँ बेटे' 'नमस्ते मम्मी। अंकिता तो पता नहीं क्यों मेरा फोन नहीं उठा रही, मैं ये कह रहा था कि मैं कल उसे लेने आ रहा हूँ।' 'ठीक है बेटा, आ जाओ, और सब ठीक हैं घर में?' 'हाँ मम्मी सब ठीक हैं।'

अपनी माँ को मेरी राम-राम कह देना बेटे।' कहकर कृष्णा ने फोन काट दिया। 'अंकिता कल अमर आ रहा है तुझे लेने, जाने की तैयारी कर ले बेटी। वो फेरी वाला भी निकल गया। अब मुझे कपड़े लेने जगदीश बनिया की दुकान पर जाना पड़ेगा।' कृष्णा ने सपाट लहजे में कहा। 'मुझे नहीं जाना माँ।' अंकिता ने धीरे से परन्तु दृढ़ निश्चय के साथ कहा। 'पर क्यों नहीं जाना?' कृष्णा ने उसे कंधों से पकड़कर झकझोरते हुए पूछा।

इस बीच पीयूष किताबें उठाकर जीने की सीढ़ियां चढ़ने लगा। श्वेता कॉलेज और बलजीत खेतों में गए हुए थे। आज कृष्णा भी अंकिता से पूरी बात जानने की ठान चुकी थी। सो, उसने अंकिता को अपने पास बिठाकर उसे गले से लगाते हुए कहा-'कारण कुछ भी हो अंकिता बताना तो पड़ेगा तुझे, नहीं तो कल जाना पड़ेगा। मैं तेरी माँ हूँ, तू अपना दुख मुझसे नहीं कहेगी तो किस से कहेगी बेटी। यदि तू पूरी बात बताएगी तो हमें भी तुझे समझने में आसानी रहेगी।' कृष्णा कारण जानने को व्याकुल थी मगर अंकिता का मौन टूटने का नाम ही नहीं ले रहा था। हार कैसे मानती तो फिर एक बार माँ के उत्तरदायित्व ने हौसला दिया- 'देख अंकिता तेरे पिता कितने चिंतित रहते हैं तेरे लिए। आये दिन लोगों को हार्टअटैक की घटनाएं हो रही हैं तेरे पापा को कहीं कुछ हो गया तो...'और वे रुआँसी हो आयी।

'माँ, मैं क्या बताऊँ, कैसे बताऊँ कि सच क्या है। आपने तो घर-नौकरी देखकर मेरा ब्याह कर दिया।

*कुछ पल सोचकर कृष्णा ने बलजीत को फोन मिलाया- 'कहाँ हो? ज्यादा जरूरी काम ना हो तै घरां आ जाओ।' 'आऊँ सूँ' कहकर बलजीत ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद बलजीत आ गया तो कृष्णा ने एक तरफ बैठकर सारी बात उसको बताई, जिसे सुनकर बलजीत भी हैरान, परेशान हो गया। कृष्णा ने अंकिता को चाय बनाने को कहा और बलजीत को समझाने लगी कि बात बहुत गम्भीर है, तुम विपिन से बात कर लो।*

मुझे भी वहाँ कोई दिक्कत नहीं किसी से...'कहते हुए अंकिता के होंठ फिर से सिल गए।'

देख बेटा बताना तो पड़ेगा तुझे। हमारी हालत देख रही है न तू। तुम तीनों की पढ़ाई-लिखाई के साथ तेरे ब्याह में उठाये कर्ज के ब्याज का भी भुगतान हम अभी तक नहीं कर पाए हैं।' 'माँ, मैं नौकरी करूँगी। पापा का हाथ बटाऊंगी, सुबह शाम आपके साथ भैंसों का, घर का काम भी करूँगी पर वहाँ मत भेजो माँ, मुझे वहाँ मत भेजो।' कहते हुए अंकिता फफक पड़ी।' पर क्यों ना भेजूँ मेरी लाडो, बात तो बता।'

'माँ, उसे मेरी जरूरत नहीं है वह किसी और लड़के के साथ...'

'लड़के के साथ...' कृष्णा हतप्रभ रह गई। उसे समझ नहीं आ रहा था कि माजरा क्या है। 'माँ, यह मुझ से तो बात ही नहीं करता है। रात को कभी माँ के पास जाकर सो जाता है तो कभी दादी के पास। अभी कुछ दिनों पहले जब ये नहाने गया हुआ था तो इसका फोन बजा। मैंने उठाया तो उधर से कहा गया, तुम कौन हो? मैंने कहा मैं उनकी पत्नी हूँ। तो उसने कहा तू इसकी कुछ नहीं है। मुझसे वादा खिलाफी नहीं कर सकता अमर। हम दोनों साथ रहेंगे। उसकी पत्नी बनकर तो मैं रहूँगा। तुम दफा हो जाओ इसकी जिंदगी से। 'क्या बकवास कर रहे हो तुम' मैंने कहा तो वह गुर्राया-'बकवास नहीं कर रहा हूँ ज्यादा चूं-चपड़ की तो खत्म कर दूँगा तुझे, न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी। और सुन यकीन नहीं आता तो वीडियो भेजता हूँ अभी, देख लेना।' और माँ उसने तत्काल दो वीडियो भेजी। जिन्हें मैंने अपने नम्बर पर फारवर्ड कर अमर के फोन से तत्काल डिलीट कर दिया।

'वीडियो दिखा' कृष्णा ने उतावली होते हुए कहा। अंकिता ने मोबाइल की गैलरी में वह वीडियो टिक कर मोबाइल माँ को थमा दिया। दो पुरुषों की ऐसी गन्दी, घिनौनी वीडियो देखकर कृष्णा की हालत खराब हो गई। यह सब तो जिंदगी में न सुना, न कल्पना की। 'कोई बात नहीं बेटी। आने दे तेरे पापा को मैं बात करती हूँ।' कुछ पल सोचकर कृष्णा ने बलजीत को फोन मिलाया- 'कहाँ हो? ज्यादा जरूरी काम ना हो तै घरां आ जाओ।' 'आऊँ सूँ' कहकर बलजीत ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद बलजीत आ गया तो कृष्णा ने एक तरफ बैठकर सारी बात बलजीत को बताई, जिसे सुनकर बलजीत भी हैरान, परेशान हो गया। कृष्णा ने अंकिता को चाय बनाने को कहा और बलजीत को समझाने लगी कि बात बहुत गम्भीर है, तुम विपिन से बात कर लो। वह जरूर कुछ समाधान सोचेगा।' हाँ विपिन को तो मैंने वैसे भी बता दिया था कि अंकिता ससुराल जाने से मना कर रही है। उसने कहा भी था कि कोई गम्भीर बात ही होगी। वरना हमारी अंकिता ऐसा क्यों कहती।'

शाम को बड़े भाई का बेटा विपिन घर आया तो बलजीत ने उसे बुला भेजा-'आ जा विपिन आज चाय यहीं बना देगी अंकिता'

'आता हूँ काका' कहते हुए दो मिनट में ही विपिन आ गया। बलजीत ने उसे शुरू से आखिर तक सारी बात बतायी, वीडियो भी दिखाई। उसे आश्चर्य तो बहुत हुआ पर उसने यही कहा कि यह बीमारी भी अब फैल रही है। आपने सुना ही होगा दो-तीन वर्ष पहले नजदीक के ही शहर में ऐसे ही एक चक्कर में विरोध करने पर एक युवक ने अपने परिवार को ही मौत के घाट उतार दिया था। यह सुनकर बलजीत के बदन में झुरझुरी सी आ गयी। 'अब क्या होगा विपिन?' 'होगा क्या काका पहले तो कल अमर आ रहा है उससे पूछ लेते हैं। उसके बाद आगे की सोचेंगे। अगले दिन अमर के पहुँचते ही बाट जोह रहे बलजीत व विपिन ने उसे बैठक में बिठाकर चाय-पानी के बाद जानना चाहा कि मामला क्या है? अमर तो इस चालाकी में था कि जैसे अंकिता को कुछ पता न उसके घरवालों को। 'ऐसा कुछ नहीं है' कहते हुए वह पहले तो साफ मुकर गया। परन्तु विपिन ने उसे बातों में घेरते हुए कहा कि सबूत है मेरे पास।' सबूत तो तब होंगे न जब कुछ होगा' अमर को अपने रुख पर कायम देख विपिन ने उसे वीडियो दिखाई तो अमर सन्न रह गया। उसे एकदम से पसीना आ गया। 'यह तू है न दूसरे लड़के के साथ?' विपिन ने पूरे आवेश में उस पर मुक्का तानते हुए कहा। 'हाँ' कहते हुए अमर ने गर्दन झुकाकर आँखें धरती में गड़ो दी। 'अब तू यहाँ से भाग कल हम आते हैं तेरे घर अपने बाप को बता देना।' अत्यंत क्रोध में बलजीत चिल्ला पड़ा। अमर तुरन्त सटक गया। अंकिता को कलेजे से लगाये उसकी माँ रो पड़ी- 'मेरी बेटी जैसी गयी थी वैसी ही आ गयी। मैं इसकी दूसरी शादी कर दूँगी। पर जो दुहेजू होने का कलंक इस पर लग गया, इसे कैसे हटाऊँ?

---

लघु कथा

**वीना सिंह**



## कागज़ की नाव

पानी मटमैला था, लेकिन आँखें चमक रही थीं।
बरसात के बाद गाँव की उस पतली सी नाली में बहता पानी जैसे कोई समंदर हो, और उसका कप्तान—वो नन्हा बच्चा। टूटी हुई चप्पलें, आधे गीले कपड़े, गले में एक काली डोरी और हाथ मेंङ्क कागज़ की नाव।
वो नाव उसकी कल्पना थी—कभी जहाज बन जाती, कभी युद्धपोत। और उसके होंठों पर खिलती मुस्कान, किसी विजेता की सी।
"डूबेगी नहीं?" पीछे से किसी ने पूछा।
उसने बिना मुड़े कहा, "नहीं! मेरी बनाई है। इसे सपनों से जोड़ा है, पानी से नहीं।"
दूर बैठा बूढ़ा दादा, जो कभी अपने बचपन में ऐसी ही नावें बहाया करता था, चुपचाप मुस्कुराया। उसे याद आया, बरसात में बहता पानी कभी सिर्फ पानी नहीं होता—वो बचपन की सबसे पवित्र नदी होती है, जिसमें न कोई डर होता है, न कोई कल की चिंता।
बारिश थम चुकी थी, लेकिन उसके सपनों की नाव बहती रहीङ्क उस नाली में नहीं, उस आज़ादी में, जो सिर्फ बचपन जानता है।



कविता

**राज ख्यालिया**

## संगीत

संगीत जब मन को छू जाए,
आत्मा का द्वार खुल जाए।
धुनों में बहती सुध-बुध सारी,
जैसे हो साधना कोई प्यारी।

नाद उठे शिव का डमरू बोले,
वहीं सत्य समाधि के स्वर डोले।
कृष्ण की बंसी जब जहाँ भी गूंजे,
योग की भाषा खोजो तुम खुद में

कला बसी नृत्य की थिरकन में
चित्रकला बहती है रेखाओं में।
शब्दों की रचना में,भावों की बात,
मिले मन को शांति, स्वमं के साथ।

हस्तशिल्प की बुनावट गहरी,
मानवता की कथा कह रही।
रचनात्मकता के हर रंग में,
मन पाता है शांति उमंग में।

जब थकी लगे जीवन की चाल,
ले संगीत, चित्र या राग-माल।
मन के बोझ को हल्का कर लो,
हर चिंता को तितली कर दो।

कभी अकेले में गुनगुनाओ,
या बच्चों संग खिलखिलाओ।
कभी बिखराओ रंग सपनों के,
या थिरको सुरों के धुनों में।

कला ध्यान का सहज उपाय,
तन मन को देता सुकून प्राय:।
योग का यह नया विस्तार,
कला में प्राणों का संचार।



कविता

**डॉ.कमलेश मलिक**

## मां दुर्गा

स्मरण तुम्हारा आते ही मां
पुलकित हो जाता है तन मन

भिन्न-भिन्न रूपों में आकर
भक्तों को खूब रिझाती हो
सब की मांगे अपनी-अपनी
तुम सब पर प्यार लुटाती हो

धूप -दीप - नैवेद्य यही है
कर लाई हूं कुछ शब्द चयन

ब्रह्मचारिणी कहला कर भी
तुम गौरी मां बनकर आयीं
तुम कालरात्रि भी बनी कभी
तुम सिद्धिदात्री भी कहलायीं

हे ! कल्याणी हे! कात्यायिनी
तुमको अर्पित हैं भाव सुमन

हे! आदि शक्ति तुम जगजननी
अमृत बरसाने वाली हो
इस रूखी सूखी धरती को
तुम ही सरसने वाली हो

मैं ढूंढ रही अंतर्घट में
हाथों में मेरे है दर्पण

---

**साहित्यकार डॉ. शमीम शर्मा का कहना है कि युवा पीढ़ी पोर्नोग्राफी वीडियो को सर्च करने में अपना समय बर्बाद कर देती है, लेकिन साहित्य से जुड़ी सामग्री सर्च करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने चिंता जताई कि मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित गोदान को बच्चा अपने पाठ्यक्रम में होने के कारण उसके प्रश्न-उत्तरों को रट करके परीक्षा दे देता है। ऐसे में गोदान पढ़ने का जो मजा है, वह कैसे आएगा। प्रेमचंद तो गोदान में है, प्रेमचंद गोदान के प्रश्न-उत्तरों में नहीं है।**

साक्षात्कार

**शमशेर सैनी**

# साहित्य पाठन से दूर हो रही नई पीढ़ी : डा. शमीम शर्मा

वर्तमान समय में साहित्य बहुत लिखा जा रहा है। आज हर दिन कविता की नई किताब आ रही है लेकिन चिंता का विषय यह है कि उन्हें पढ़ कौन रहा है। पुस्तकें मूल्यांकन के लिए साहित्य अकादमियों के पास पहुंच जाती हैं और डिस्ट्रीब्यूट हो जाती हैं। आज पाठक वही है, जो लेखक है। नई पीढ़ी साहित्य से दूर होती जा रही है। उनकी साहित्य में कोई रुचि नहीं है। काव्य, कहानियां, उपन्यास इन सब से युवा कोसों दूर हो गए हैं।

यह कहना है हरियाणा साहित्य जगत में महिला साहित्यकार एवं शिक्षाविद् के रूप में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली डॉ. शमीम शर्मा का। साहित्यकार डॉ. शर्मा हरिभूमि के साथ विशेष बातचीत कर रही थीं। उन्होंने साहित्य की शुरुआत से लेकर नई पीढ़ी में साहित्य के प्रति कम होती रूचि जैसे विषय पर लंबी चर्चा की। डॉ. शर्मा ने कहा कि साहित्य क्या लिखा जा रहा है, कितना लिखा जा रहा है, यह तो बाद का प्रश्न है, जो लिखा जा रहा है, वो इतना सजावटी हो गया है कि जैसे हमारी पांडुलिपियां हैं, उन्हें लाल वस्त्रों में लपेटकर रखा गया है। वर्षों से रखी हुई है। कोई उनको पढ़ता नहीं, खोलता नहीं। मुंशी प्रेमचंद, महाकवि जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला यह लाइब्रेरी की सज्जा हो गए हैं। जैसे घर में सजावट का सामान रखा हो। न उन्हें कोई गले लगाते हैं, न कोई उन्हें स्पर्श करता है। उसी तरह से किताब होती जा रही है। एक समय था जब लोग साहित्य पढ़ने को लालायित होते थे। पढ़ने का शौक इतना प्रगढ़ था कि लोग साहित्य, पत्रिकाएं किराए पर लेकर पढ़ते थे। उस समय पढ़ने का बड़ा महत्व था। आज के परिप्रेक्ष्य में हम देखते हैं कि जो पढ़ने का शौक होता था वह शौक धीरे-धीरे यह मोबाइल खा गया है। बिना साहित्य के पली पीढ़ी पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में घरों से किताबें गायब होती जा रही हैं। इसका नतीजा यह है कि युवा साहित्य से बेखबर हैं। बिना साहित्य के पली पीढ़ी समाज के लिए नुकसानदायक है। अच्छे साहित्य की पहचान न होना, अच्छे लेखकों को बेहतर मौके न मिल पाना और खराब साहित्य का प्रचलन में आना भी समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि पुष्पक विमान है, जिसने रामचरितमानस पढ़ी नहीं, उसको क्या पता कि हमारे यहां हजारों साल पहले पुष्पक विमान की खोज हो चुकी थी। वर्तमान में विश्व के कई देश युद्ध के दौरान मिसाइल छोड़ रहे हैं। हमारे यहां तो महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में 5000 साल पहले ही अग्नि बाण, वायु बाण आदि का जिक्र कर दिया था।

### सोशल मीडिया पर फर्जी फॉरवर्ड

सोशल मीडिया पर डाली पोस्टों को फर्जी फॉरवर्ड बताते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि वाट्सएप और फेसबुक करते-करते हम मैसेज यहां से वहां और वहां से वहां भेज रहे हैं। कई बार मैं देख रही होती हूं कि सोशल मीडिया में पोस्ट की गई कहानी के नीचे महादेवी वर्मा लिखा होता है, जबकि महादेवी वर्मा ने कोई कहानी लिखी ही नहीं। लोग ऐसे ही फर्जी फॉरवर्ड कर रहे हैं। सोशल मीडिया की वायरल पोस्टों में उनकी प्रमाणिकता का पता नहीं है, लेकिन भेड़ चाल की वजह से पोस्ट पर पोस्ट किए जा रहे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

कुरुक्षेत्र हस्ताक्षर (लघुकथा संग्रह), अजन्मी बेटी की चिट्ठी (विचारोत्तेजक आलेख), पंचनाद (संतों की वाणी में क्रांति चेतना), चौपाल के मखौल, चौपाल के चाले. (हरियाणवी हास्य), एक बिटिया तो जरूरी है (लघुकथा संग्रह), रोशनी है हम (कविता संग्रह), मंगल सूत्र और मेडल (महिला सशक्तीकरण पर आधारित निबन्ध), कोरोना की चिंगारियां (विचारपरक निबन्ध) बेटे बेटियों में खूब फर्क है, दो नंबर वाली लक्ष्मी (विचारोतेजक आलेख), जादूभरा साथ (कविता संग्रह) प्रकाशित हो चुके हैं।



डॉ. शमीम शर्मा

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी ने डॉ. शमीम शर्मा को वर्ष 2017 के लिए श्रेष्ठ महिला रचनाकार सम्मान से नवाजा है। वर्ष 2009 में हरियाणा सरकार द्वारा प्रकाशित हरियाणा एन्साइक्लोपीडिया का संपादन किया। हरियाणा हिंदी साहित्य अकादमी से भी उन्हें 'विशिष्ट हिंदी सेवी' पुरस्कार मिला है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मदर टेरेसा द्वारा स्वर्ण पदक मिला। 2001 की जनगणना में सराहनीय सहयोग के लिए राष्ट्रपति के रजत पदक का सम्मान मिला।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : डॉ. शमीम शर्मा
**जन्म** : 17 मार्च 1959
**जन्म स्थान** : गांव जुम्बा, जिला मलोट (पंजाब)
**शिक्षा** : एमए (स्वर्ण पदक प्राप्त), एमफिल(स्वर्ण पदक प्राप्त), पीएचडी(हिन्दी) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र।

### पहले लाइब्रेरी में सीट नहीं, अब वहां विद्यार्थी नहीं

लाइब्रेरी से जुड़े अपने अनुभव को साझा करते हुए डॉ. शमीश शर्मा ने कहा कि जब हम लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए जाते थे तो हमें बैठने को सीट तक नहीं मिलती थी, लेकिन वर्तमान में लाइब्रेरी में सीट तो हैं, परंतु विद्यार्थी नहीं मिलते। डॉ. शर्मा ने बताया कि साहित्य से जुड़े होने के कारण मैंने अपने कॉलेज में भी लाइब्रेरी के लिए स्पेशल एक पीरियड बनाया हुआ है। उसमें हम बच्चों को धक्के से लाइब्रेरी में लेकर जाते हैं, ताकि बच्चे वहां जाकर पढ़ें। साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने पर जोर देते हुए साहित्यकार डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि समाज में हमें युवाओं को पढ़ाने की तरफ अग्रसर करना होगा। उनको प्रेरित व जागरूक करना होगा कि बिना साहित्य पढ़े, हमें न तो अपने अतीत का पता चलेगा और न ही हम अपने भविष्य की सोच पाएंगे।

---

# समाज की परतों को उजागर करती 'ताश का घर'





**पुस्तक : ताश का घर**
**लेखिका : सविता स्याल**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : कौशिक पब्लिशिंग हाउस**

पुस्तक समीक्षा

**डॉ. अंजना गर्ग**

साहित्य सदा से समाज का दर्पण रहा है, और लघुकथा उस दर्पण की सबसे सजीव छवि। सविता स्याल समकालीन हिंदी साहित्य की एक सशक्त और संवेदनशील रचनाकार है, जिनकी लेखनी समाज के भीतर बहती भावनात्मक धाराओं को गहराई से छूती है। उनकी लेखनी एक ओर जहां समाज की विडंबनायों को उजागर करती है वहीं दूसरी ओर उम्मीद और आत्मबल का स्वर भी रचती है।

'ताश का घर' लेखिका सविता स्याल द्वारा रचित एक सशक्त लघुकथा- संग्रह है, जो समकालीन समाज की विविध परतों को बड़ी सादगी और गहराई से उजागर करता है। यह संग्रह न केवल मानवीय संबंधों की पड़ताल करता है बल्कि उन मौन द्वंद्वों और विसंगतियों को भी सामने लाता है जिन्हें अक्सर समाज के बहाव में अनदेखा कर दिया जाता है। सविता स्याल ने अपनी लघु कथाओं में समाज के विभिन्न पहलुओं को उकेरा है जैसे ' दोषी कौन', ' मी टू', ' मृगतृष्णा' , ' रक्षक/ भक्षक', ' वापसी' जैसी लघुकथाएं इसका उदाहरण है। बाल मनोविज्ञान पर लिखी लघुकथाएं जैसे ' ज़ूम वाली दादी' एवं ' एक दोस्ती ऐसी भी' एक अलग ही प्रभाव छोड़ती हैं। मानवी संवेदनाओं से ओतप्रोत ' दूसरी मां' तथा ' डील' भी संग्रह की खूबसूरत रचनाएं हैं और मानव मन पर एक अलग ही प्रभाव छोड़ती है। 'श्राद्ध' एक अनूठे प्यार की लघुकथा है जिसमें पति पारंपरिक लीक से हटकर पत्नी का श्राद्ध करता है। शीर्षक कथा ' ताश का घर' की बात करें तो जिसके माध्यम से लेखिका ने बिना विवाह किए साथ रहने वाले युवाओं को उसके दुष्परिणामों के बारे में सचेत किया है। यह लघुकथा बहुत से नौजवानों को राह दिखाने का काम करेगी। हर लघुकथा एक सामाजिक प्रश्न खड़ा करती है। कई लघुकथाओं में लेखिका ने उनका समाधान भी बताया है परंतु कुछ लघुकथाएं पाठकों के लिए छोड़ दी हैं जिनका उत्तर पाठक को स्वयं तलाशना होगा। सविता स्याल की भाषा सरल, संवेदनशील और बिंबात्मक है। शैली संवाद प्रधान होने के साथ-साथ सूक्ष्म व्यंग्य और भावनात्मक गहराई का सुंदर संयोजन है। ' ताश का घर' उन साहित्य प्रेमियों के लिए एक अनिवार्य संग्रह है जो लघुकथा को केवल रचना नहीं सामाजिक संवाद मानते हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक शोधकर्ताओं और संवेदनशील पाठकों के लिए उपयोगी है। लेखका को ढेरों शुभकामनाएं एवं आशा करती हूं कि इस प्रथम लघुकथा संग्रह के बाद उनकी कलम लगातार लघुकथा सर्जन पर भी चलती रहेगी।

## खबर संक्षेप



### समर्थगुरु धारा का कार्यक्रम जनवरी में होगा : सुभाष

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ में रविवार को आयोजित संडे ध्यान सत्र में साधकों ने विशेष आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर समर्थगुरु धारा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने सुप्रभात ध्यान सत्र में साधकों को गहन ध्यान की अनुभूति कराई। आचार्य ने बताया कि सुप्रभात ध्यान समर्थगुरु धारा द्वारा प्रतिदिन या साप्ताहिक रुप से प्रातःकाल किया जाने वाला एक आध्यात्मिक ध्यान सत्र है। इसका उद्देश्य है कि दिन की शुभ और शांत शुरुआत करना, मन, शरीर और आत्मा को संतुलित एवं सकारात्मक ऊर्जा से भरना और ध्यान के माध्यम से अंतरचेतना से जुडऩा। इस ध्यान से मानसिक शांति, तनाव और चिंता से मुक्ति, एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।



### साधकों ने दिव्य सुदर्शन क्रिया का किया अभ्यास

**हिसार।** आर्ट ऑफ़ लिविंग की ओर से साप्ताहिक फॉलो अप का आयोजन भारत माता मंदिर एवं हैप्पीनेस सेंटर सेक्टर 14 में किया गया जिसका संचालन नीरज गुप्ता एवं साक्षी अग्रवाल ने किया। मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि साप्ताहिक फॉलोअप में साधकों ने योग, प्राणायाम, ध्यान एंव गुरुदेव के पावन वाणी में सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। फॉलो अप में साधक जिन्होंने हैपीनेस कार्यक्रम किया है, उसमें सीखी गयी तकनीकों को तरोताजा करते है। अपनी दैनिक साधना में टिके रहने के लिये प्रेरणा पाने का फॉलो अप केन्द्र एक श्रेष्ठ प्रेरणा स्थल है।

### दुख निवारण समागम में कई राज्यों से श्रद्धालु आएंगे

**हिसार।** अग्रोहा धाम में 7 अक्तूबर को सायं 4 बजे के प्रभु कृपा दुख निवारण समागम के आयोजन को



लेकर श्रद्धालु भाई-बहनों में बहुत ही उत्साह है। अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु महाब्रह्मर्षि कुमार स्वामी के आगमन से उत्साहित श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में समागम में उपस्थिति को देखते हुए तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। इस समागम में आसपास के राज्यों से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। आयोजन स्थल को सजाया जा रहा है। जिसमें मंच तथा श्रद्धालुओं के बैठने के लिए यथोचित व्यवस्था की गई है। समागम तक पहुंचने वाले मार्ग पर जगह-जगह दिशा-निर्देश पट्टिकाएं लगाई गई हैं। भगवान लक्ष्मी नारायण धाम के समागम आयोजकों ने श्रद्धालु की भारी संख्या में आगमन को देखते हुए विशेष प्रबंध किए हैं।



### धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान वाल्मीकि जयंती

**हिसार।** हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत जिले में धूमधाम से महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को एक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती 7 अक्टूबर को मनाई जाएगी। जिला स्तरीय समारोह के दौरान प्रखर वक्ता अपने व्याख्यान देंगे। समारोह के दौरानअंतोदय कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र सिंह सैनी, तहसील कल्याण अधिकारी मधुबाला, नगर पार्षद राजेंद्र बिड़लान,आदि उपस्थित थे।

---

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत रखे विचार

# भाजपा गांव-गांव जाकर आत्मनिर्भर भारत व सरकार की योजनाएं बताएगी : डॉ. गुप्ता

**आत्मनिर्भर भारत का अर्थ स्वदेशी और आर्थिक सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग, गांव के स्वावलंबन और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती व राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। भाजपा गांव-गांव जाकर आत्मनिर्भर भारत व केंद्र सरकार की योजनाएं बताएगी। डॉ. गुप्ता भाजपा जिला कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर हांसी भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन भी उपस्थित थी।

पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों किसान, मजदूर, जवान और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार के सेटअप मोड और स्टैंडअप मोड की रणनीति का उदाहरण देते हुए लघु उद्यमियों और रेहड़ी-पटरी वालों को लोन उपलब्ध कराने का कार्य बताया। डॉ. गुप्ता ने स्वदेशी उत्पादों और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के उदाहरण भी दिए। उन्होंने कहा कि एके6-30 राइफल भारत में निर्मित होती है, जिसमें प्रति मिनट 3000 बुलेट दागने की क्षमता है और 4 किलोमीटर की दूरी तक मार कर सकती है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने दो स्वदेशी वैक्सीन विकसित की और उन्हें 60 से अधिक देशों में निर्यात भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1000 आईटीआई को अपग्रेड करने के हालिया कदम को भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा बताया।



**हांसी।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, उनके साथ हैं जिला अध्यक्ष अशोक सैनी व प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, जिला सचिव ओमपाल यादव, जिला मीडिया प्रमुख जगमोहन यादव, जिला प्रवक्ता रामफल बूरा और जिला कार्यालय प्रभारी मनजीत सिंह जांगड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## 'संगिनी' ने आयोजित किया दिवाली कार्निवल



**हिसार।** कार्निवल में उपस्थित संगिनी एनजीओ की पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

संगिनी एन जी ओ ग्रुप द्वारा टूलिप रिज़ॉर्ट में दिवाली कार्निवल आयोजित किया गया। कार्निवल में अलग-अलग शहरों के लोगों ने स्टाल लगाए, जिनमें डिज़ाइनर कपड़ों के साथ साथ ज्वेलरी, होम डेकोर व फ़ूड स्टाल भी लगाए गए। साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए भी की गतिविधियां आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर इंडिया की प्रमुख फैशन डिजाइनर डोली जे भी उपस्थित थी। उन्होंने दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत की व विभिन्न स्टाल्स का अवलोकन किया।

**लोगों के मनोरंजन के लिए की गतिविधियां आयोजित**

कार्निवल में आए लोगों का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संचिता बंसल, सरिता जैन, अनिता राजगढ़िया, अनुराधा, भार्गव, आशा, बेला गोयल, कविता अग्रवाल, खुशबू गोयल, मधु, मंजू सर्राफ, निधि अग्रवाल, निकिता, पंखुरी, जैन बंसल, परिणीता गोस्वामी, रेनुका बंसल, सुनिता सिंघल, स्वाति तायल, उमा अग्रवाल, उमा मित्तल, विभूति तायल आदि उपस्थित थीं। बता दें कि संगिनी की शुरुआत वर्ष 2010 में की गई थी।

---

## विस्तार विशेषज्ञ सूचना प्रौद्योगिकी को ज्यादा से ज्यादा प्रयोग में लाएं : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'विस्तार प्रबंधन' विषय पर वैज्ञानिकों एवं विस्तार विशेषज्ञों का 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स संपन्न हुआ। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा संचालित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। रिफ्रेशर कोर्स में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, गड़वासु विश्वविद्यालय, लुधियाना तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि वैज्ञानिक और विस्तार विशेषज्ञ सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान हासिल कर इस प्रौद्योगिकी को ज्यादा से ज्यादा प्रयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किया गया अनुसंधान कार्य तभी सफल होगा जब उसे धरातल तक पहुंचाया जाए। कृषि वैज्ञानिक एवं विस्तार विशेषज्ञ नवीनतम तकनीक एवं शोध कार्यों की रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध करवाने के लिए किसानों के साथ संपर्क स्थापित करें। वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है। इस प्रौद्योगिकी का किसानों के लिए लाभकारी अनुसंधानों को उन तक पहुंचाने में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने रिफ्रेशर कोर्स को प्रभावकारी बनाने के लिए इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न सत्रों को अंतः संवाद एवं अंतः क्रिया सत्र बनाए जाने पर बल दिया।

**हकृवि में 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का समापन**



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**जानकारी दी**

कार्यक्रम के अंत में कुलपति ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय डॉ. रमेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। डॉ रेनू मुंजाल ने रिफ्रेशर कोर्स से संबंधित सभी सत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ अनुराग ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। डॉ योगेश जिंदल ने मंच का संचालन किया।

---

## संघ का लक्ष्य राष्ट्र को परम वैभव दिलाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। ज्ञात है कि इस विजयदशमी पर संघ अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है और अगले पूरे वर्ष संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम चलने वाले हैं। इन शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में विजयादशमी उत्सव मनाना पहला कार्यक्रम है जो दो अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक होने हैं। इसी उपलक्ष्य में नारनौंद के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य वक्ता व उपस्थित संघ पदाधिकारियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। उसके पश्चात पथ संचलन निकाला गया जो कि आसन चौक मुख्य बाजार खांडा मोड़ से नया बस स्टैंड होते हुए सरकारी स्कूल में ही संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए आदीश जैन ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अनेक प्रतिबंधों के बावजूद संघ अपनी कार्यशैली व राष्ट्र के भाव जागरण के कारण समाज परिवर्तन के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

**नारनौंद में निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन**



**नारनौंद।** नारनौंद के खांडा मोड़ पर स्वयंसेवक यात्रा निकालते हुए।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर नगर कार्यवाह मनजीत, सह जिला कार्यवाह शिवकुमार, विभाग संपर्क प्रमुख डॉ. बिजेंद्र, नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, कुलदीप गौतम, नरेश वर्मा, एडवोकेट विनोद गर्ग, कृष्ण सिंगला, धर्मपाल मित्तल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

## ध्यान और भक्ति परम चेतना के अनुभव की ओर ले जाने वाले पूरक मार्ग : संजय



**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में आयोजित ध्यान सत्र में हिस्सा लेते साधक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ **ओशो ध्यान उपवन में साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया**

ओशो ध्यान उपवन में आयोजित ध्यान और भक्ति पर आधारित ध्यान सत्र में साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस ध्यान सत्र में साधकों ने ध्यान व भक्ति के महत्व को समझा और ध्यान की विधियों का अभ्यास भी किया। इस दौरान ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने साधकों को सतगुरु ओशो की देशनाओं से भी रूबरू करवाया। स्वामी संजय ने कहा कि ध्यान और भक्ति परम चेतना के अनुभव की ओर ले जाने वाले पूरक मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि ओशो ने समझाया है कि ध्यान चेतना की विशुद्ध अवस्था है जबकि भक्ति प्रेम व समर्पण की पराकाष्ठा है। जब प्रेम ध्यानयुक्त होता है, तो वह भक्ति बन जाता है, जो स्वयं को पूर्णतः समर्पित कर देने और अपने मैं-भाव को मिटा देने से मिलती है।

---

## अनुशासन और एकता का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को विजयादशमी के पावन पर्व और अपने शताब्दी स्थापना वर्ष 100वां स्थापना दिवस के शुभारंभ को एक साथ मनाया।

संघ रचना अनुसार बरवाला मे आयोजित भव्य पथ संचलन में सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जो संगठन की शक्ति, अनुशासन और राष्ट्र व्यापी विस्तार का प्रतीक बना। उत्सव मे अध्यक्ष के रूप में बिजेन्द्र सिंह बामल और मुख्य वक्ता के रूप मे पवन जिंदल उत्तर क्षेत्र संघचालक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**आरएसएस ने विजयादशमी के पावन पर्व और अपना शताब्दी स्थापना वर्ष मनाया**



**बरवाला।** पथ संचलन में भाग लेते स्वयंसेवक।

**ये रहे उपस्थित**

*समारोह के मुख्य वक्ता संघ के उत्तर क्षेत्र संघ चालक पवन जिंदल ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयदसवीं के दिन वर्ष 1925 में संघ की स्थापना की। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य का उल्लेख किया। यह विशाल पथ संचलन घोष के साथ नहर कोठी स्कूल बरवाला से शुरू हुआ और महाराजा अग्रसेन चौक से होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पर समाप्त हुआ। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संजीव सिंगला,हर्ष कुमार,सतीश कुमार,सुरेश कुमार, प्रदीप जलन्धरा, बलजीत शर्मा, यंकित शर्मा,नमन गोयल व अजय कटक आदि उपस्थित रहे।*

---

## नगर निगम ने 46 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 46 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण्य भेजा। इस अभियान का संचालन सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की निगरानी में किया गया। अभियान में पुलिस और तहबाजारी के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी टीम मौजूद रही।

एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगमायुक्त नीरज के आदेशों पर यह मुहिम लगातार जारी है।

शुक्रवार रात को पुरानी सब्जी मण्डी रोड, पड़ाव चौक, ऑटो मार्केट, रायपुर रोड, नई सब्जी मण्डी, राजीव नगर, सेक्टर 1-4 और रायपुर न्यू जवाहर नगर से 20 बेसहारा पशुओं को पकड़ा गया। इसी तरह शनिवार रात को क्षेत्रों ऋषि नगर, अग्रवाल कॉलोनी, सेक्टर 14, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा रोड से 26 बेसहारा पशुओं को पकड़कर ढंढूर स्थित गौ-अभ्यारण्य पहुंचाया गया।



**कार्रवाई की चेतावनी**

अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने चेतावनी दी है कि यदि किसी व्यक्ति या पशुपालक द्वारा इस अभियान में बाधा उत्पन्न की गई, तो उनके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य सख्त धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

---

### शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने शहर में पथ संचलन किया

# 'पंच परिवर्तन' से ही सामाजिक एकजुटता बढ़ाना संभव होगा : पवन जिंदल

**पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर जय श्री राम और भारत माता की जय के उद्घोषों के साथ पुष्प वर्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रमुख आयोजन जिले में रविवार को चार उपनगरों और 12 मंडलों में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सभी कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों के साथ-साथ सामाजिक बंधुओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वंयसेवकों द्वारा वेद मंत्रोचारण द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। इसके बाद शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए संचलन निकाला। संचलन के दौरान विभिन्न जगहों पर सामाजिक बंधुओं द्वारा जय श्री राम और भारत माता की जय के उद्घोषों के साथ पुष्प वर्षा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विवेकानंद उपनगर द्वारा विजयादशमी उत्सव का आयोजन स्थानीय कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 9-11 में सादगी, अनुशासन और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन से किया गया। इसमें प्रमुख रूप से हिसार की विधायक एवं समाजसेवी सावित्री जिंदल, मुख्य अतिथि जगदीप भार्गव, मुख्य वक्ता उत्तर क्षेत्र संघचालक पवन जिंदल व विभाग संघचालक पवन, जिला संघ चालक भूपेंद्र मौजूद रहे। यह भूमि केवल भूभाग नहीं, बल्कि भाव है। संघ का उद्देश्य समाज में भेदभाव मिटाकर सबको एक सूत्र में बांधना है। जिस दिन भारत का समाज अपनी संस्कृति को आत्मसात कर समरसता के मार्ग पर चलेगा, उसी दिन संघ का लक्ष्य पूर्ण होगा। संघ के इस महान लक्ष्य की प्राप्ति 'पंच परिवर्तन' के माध्यम से ही संभव है। विचारों में परिवर्तन, व्यवहार में परिवर्तन, परिवार में परिवर्तन, समाज में परिवर्तन और राष्ट्र में परिवर्तन इसी से सामाजिक एकजुटता को और मजबूती मिलेगी। अपने विचारों के माध्यम से उन्होंने स्वयंसेवकों और नागरिकों में एक नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के पश्चात पथ संचलन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अनुशासन और गर्व के साथ नगर भ्रमण किया। पथ संचलन के दौरान नगरवासियों ने फूल बरसाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रभाव से गूंज उठा।



**हिसार।** शस्त्र पूजन करती सावित्री जिंदल

**आचरण और कर्म में संतुलन लाना होगा**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ठाकुर दास भार्गव स्कूल सचिव जगदीप भार्गव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रत्येक स्वयंसेवक श्रेष्ठ होगा, तभी संगठन भी श्रेष्ठ बनेगा। राष्ट्र की मजबूती के लिए प्रत्येक स्वयंसेवक को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। हमें पूरे जोश के साथ विचारशील होकर अपने आचरण और कर्म में संतुलन लाना होगा। आज जब लोग कहते हैं कि आरएसएस हिन्दुओं का राष्ट्रीयकरण करता है, तो मैं इसे संघ के लिए एक 'प्रशंसा' मानता हूं। क्योंकि संघ का कार्य ही है समाज को राष्ट्रभाव से जोड़ना। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तर क्षेत्र के संघ चालक पवन जिंदल ने कहा कि भारत विश्व का एकमात्र देश है जो 'मां' कहलाता है और वीरों को जन्म देता है।

**स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन किया**

जेपी स्कूल के प्रांगण में आयोजित आजाद उपनगर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉसमॉस स्कूल के निदेशक शिक्षाविद महेंद्र रहे जबकि अध्यक्षता जेपी स्कूल के निदेशक जयप्रकाश ने की। मुख्य वक्ता कमल सर्राफ उपाध्यक्ष सेवा भारती हरियाणा रहे। इस दौरान जिला संघ चालक भूपेंद्र भी मौजूद रहे। इसी कड़ी में महर्षि वाल्मीकि उपनगर के कार्यक्रम में हरि सिंह संस्थापक ग्रीन ग्लोबल ग्रुप हिसार मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता प्रांत विद्यार्थी कार्य प्रमुख शशि रहे। इसी तरह राजगुरु उपनगर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान अजय सिंगल तथा मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक पुनीत सम्बोधित किया। चारों स्थानों पर समाज के अग्रणी बंधुओं के साथ स्वंयसेवकों पहले शस्त्र पूजन किया। इसके बाद शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए संचलन निकला। ग्रामीण इलाके में रविवार को ही सिवानी, आदमपुर, नंगथला, मोहब्बतपुर, सीसवाल, आर्यनगर, गोरछी, तलवंडी राणा, मंगाली, बाड़्या आदि स्थानों पर भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए।

## खबर संक्षेप

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** जिला भर में सट्टा व जुआ खेलने वालों पर लगाम लगाते हुए स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए 10250 रुपए के साथ लाल सड़क निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। स्पेशल स्टाफ में तैनात मुख्य सिपाही मुकेश कुमार ने बताया कि स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति लाला हुक्म चंद जैन पार्क में सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है।

### धोखाधड़ी करने वाला तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब कर टास्क पूरा करने के नाम पर 3,33,676 रुपये की धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी सिरसा जिले के ऐलनाबाद निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम में तैनात एएसआई सज्जन कुमार ने बताया कि आरोपी ने कुछ दिन पहले अपने दोस्तों के साथ मिलकर गांव बास निवासी मनीष को पार्ट टाइम जॉब व टास्क पूरा करने के नाम पर 3,33,676 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### बिजली घर से सामान चोरी करने वाला काबू

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने बिजली घर से बिजली का सम्मान चोरी मामले में आरोपी राजस्थान के राकेश को गिरफ्तार किया है। थाना शहर में तैनात एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले हांसी बिजली घर में से बिजली का सामान चोरी कर लिया था। थाना शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। और चुराया गया सामान बरामद करने का प्रयास करेगी।

### पूर्णिमा पर बाबा हनुमान का विशाल जागरण आज

**आदमपुर।** आदमपुर टेल वाला हनुमान मंदिर में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बाबा हनुमान का विशाल जागरण 6 अक्टूबर सोमवार को आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए समाजसेवी विनोद वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थानी गायक मधुसूदन शर्मा, पीयूष सुराणा तथा हरियाणवी गायक पुष्पा पंचाल तथा सुरेश बालसमंदिया पार्टी बाबा का गुणगान करेंगे। सात अक्टूबर को सुबह मेला लगेगा तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### यादव धर्मशाला में हुई शिक्षा प्रतियोगिता

**हिसार।** डॉ. बीआर अंबेडकर संघर्ष शिक्षा समिति की तरफ से भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षा दिवस के रूप में गुजवि के समीप स्थित यादव धर्मशाला में सामूहिक शिक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से आठवीं तक ड्राइंग, नौवीं से दसवीं तक निबंध प्रतियोगिता ,11वीं से 12वीं कक्षा के सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारी मुकेश दुल्गच व मास्टर दीपक भादड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के तकरीबन अढ़ाई सौ बच्चों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को 7 को समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने सुनीं हलके की समस्याएं

# मोहब्बतपुर और काबरेल में विकास कार्यों का उद्घाटन

आदमपुर में हो रहा विकास, भ्रम फैलाने वालों से जवाब मांगे क्षेत्र की जनता, सरकार सभी के हितों को लेकर निरंतर आगे बढ़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पूर्व विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने रविवार को आदमपुर हलका के गांव मोहब्बतपुर में शैड, चौधरीवाली में सडक़, काबरेल में फिरनी सहित कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। दौरे के दौरान उन्होंने कई जलपान कार्यक्रमों सहित हलके के विभिन्न गांवों में अपनों के सुख-दुख में शिरकत की।

विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलका हलका में अब विकास धरातल पर दिखाई देने लगा है और कुछ समय बाद आदमपुर हलका की तस्वीर बदली हुई नजर आएगी। आदमपुर की जनता को उन लोगों से जवाब मांगना चाहिए जो हलका में विकास कार्यों को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदमपुर हलका उनका परिवार है और परिवार के विकास में हम कोई कसर नहीं रहने देंगे।


**आदमपुर।** काबरेल में फिरनी का उद्घाटन करते भव्य बिश्नोई।

### प्रदेश सरकार हर वर्ग के साथ खड़ी

भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलका के विकास को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी खुलकर पैसा दे रहे हैं और उनके समक्ष उन्होंने हलका के विकास को लेकर जो भी मांग रखी उन्होंने उसे मंजूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आदमपुर का विकास है और यह काम हम लगातार करते रहेंगे।

# छाजूराम लॉ कॉलेज में हुई फ्रेशर पार्टी

- छाजूराम लॉ कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

छाजूराम लॉ कॉलेज में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए रविवार को एक रंगारंग कार्यक्रम फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस फ्रेशर्स का उद्देश्य केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारे संस्थान की समावेशी और सहयोगी परंपरा का प्रतीक है।


**हिसार।** छाजूराम लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल के साथ मिस्टर फ्रेशर नवीन, मिस फ्रेशर विजेता तथा अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### वागंतुक छात्रों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया

नवागंतुक छात्रों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने शौक, सपनों और कॉलेज से उम्मीदों को सांझा किया। पार्टी में डांस, सिंगिंग, गेम्स और मस्ती भरे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ संतोष कुमारी व डॉ पूनम चहल ने आयोजक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। निर्णायक की मंडल में शामिल डॉ. ज्योति बूरा, डॉ. कांता, पूनम थ्लोर व डॉ अनीता देवी द्वारा नवीन को मिस्टर फ्रेशर और विजेता को मिस फ्रेशर चुना गया। इसके अलावा मधुर मिस्टर पर्सनेलिटी व अंजू मिस इव बनी।

### मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**उकलाना।** राजकीय महाविद्यालय, उकलाना में मनोविज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और तनाव प्रबंधन के महत्व को समझाने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और हरियाणा उच्चत्तर शिक्षा विभाग के निर्देशन में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सर्वेक्षण भी करवाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु ने विद्यार्थियों को सर्वे से जुड़ी तार्किक जानकारी दी और बताया कि यह सर्वे उनकी मानसिक स्वास्थ्य स्थिति को समझने और सुधारने में मदद करेगा। डॉ. इंदु ने यह भी आश्वासन दिया।

# रानी दुर्गावती की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रानी दुर्गावती के त्याग और बलिदान से लें प्रेरणा

राजपूत सभा धर्मशाला में रविवार को रानी दुर्गावती की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सभा के महासचिव भार्गेंद्र सिंह चौहान ने रानी दुर्गावती के संघर्ष और बहादुरी की गाथा को सभी से साझा किया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती के त्याग और बलिदान की कहानी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है कि जीवन में कितना भी संघर्ष हो फ़िर भी रानी दुर्गावती ने दुश्मन के आगे घुट्ने नहीं टेके और युद्ध लड़ते अपना बलिदान दे दिया। कार्यक्रम में अरुण चौहान, अशोक सिंह राठौर, राजकुमार सिंह चौहान, अरविंद सिंह राठौर, मुकेश राघव, विकास चौहान आदि रहे।


**हिसार।** रानी दुर्गावती को नमन करते राजपूत सभा के पदाधिकारी।

# स्वच्छता ही सुंदरता की निशानी

- हमारा प्यार हिसार ने दीवाली पूर्व शहर की दीवारें सुंदर बनाने का अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सामाजिक संस्था 'हमारा प्यार हिसार' ने दीवाली के अवसर पर शहर को सुंदर बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए रविवार को विद्युत नगर की दीवार पर पेंटिंग अभियान शुरू किया। संस्था के वरिष्ठ आर्टिस्ट हरीश चंद्र के नेतृत्व में इस अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत दीवारों पर आकर्षक और प्रेरणादायक कलाकृतियां बनाई जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल शहर को सुसज्जित करना है।


**हिसार।** सफाई अभियान के लिए एकत्रित हमारा प्यार हिसार की टीम।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेन्द्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, डॉ. राज वर्मा, अदेश मलिक, कमल भाटिया, मधु गोयल, ममता छाबड़ा, गगन मेहता, जितेन्द्र बंसल, दिनेश बंसल, मंदीप पुनिया, अखिल जैन, पवन सोनी, विक्की रौतेला, माधवी, सुरेन्द्र पानू, अनुराधा, संजय मारवाड़ी, रोहित, ईशा बिष्ट, पूर्वी बंसल, एलिना, नवप्रीत, आराध्या, इप्सिता, रिमछा, यजत, शौर्य, पूर्व व भव्य शामिल हुए।

# अग्रोहा धाम मेले में संस्थाओं के प्रतिनिधि देंगे सेवा

- अग्रोहा में वार्षिक मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


**हिसार।** अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में संस्था के प्रतिनिधियों की मेले में अलग-अलग ड्यूटियां लगाई गई है। अग्रोहा में वार्षिक मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हे। अग्रोहा धाम को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम मेले में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सेवा ड्यूटियां करेंगे ताकि देश के कौने-कौने से आने वाले यात्रियों को हर प्रकार की सुविधा का ध्यान रखा जा सकें। मेले में खाने के लिए तीन विशाल पंडाल लगाए गए हैं। एक पंडाल पंजाब की अग्रवाल समाज द्वारा लगाया गया है। दूसरा पंडाल के इंचार्ज देवेंद्र गर्ग, बजरंग गंगवा व तीसरा पंडाल इंचार्ज श्री श्याम संग परिवार होंगे। पानी व जूता घर सेवा रविंद्र कुमार, इंद्रजीत व खनौरी की अग्रवाल सभा द्वारा संभाला जाएगा। तीन पार्किंग व्यवस्था की अग्रोहा की युवा इकाई द्वारा संभाली जाएगी। सम्मेलन पंडाल एन के गोयल, अनिल सिंगला मंगाली वाला, ऋषि राज गर्ग, दीपक गर्ग झज्जर वाले, पवन गर्ग, दुनी चन्द गोयल, अनंत अग्रवाल, चूड़ियां राम गोयल, सुरेंद्र बागड़ी, अजय सिंगला इंचार्ज होंगे। मंदिरों की सेवा श्री राम सेवा महिला समिति, पूछताछ केंद्र में सज्जन गुप्ता व यशपाल सिंगला होंगे। ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में प्रदीप गोयल, आशीष कुमार, अनूप बिश्नोई, बजरंग भारद्वाज संभालेंगे।

# शमशेर लोहान फिर बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

- 22 गांवों के प्रतिनिधियों ने जताया भरोसा
- समाज के हित में करते रहेंगे कार्य : लोहान

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

दादा देवराज धर्मशाला में रविवार को लोहान गोत्र की एक बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत की अध्यक्षता रामदिया लोहान निवासी राजपुरा भैण ने की। पंचायत का मुख्य उद्देश्य लोहान गोत्र का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना था। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए शमशेर लोहान (डीपीई) निवासी नारनौंद को एक बार फिर लोहान गोत्र का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना। शमशेर लोहान ने उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में समाज के विकास और एकता के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि लोहान गोत्र के लोगों ने जो भरोसा एक बार फिर उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और उत्थान के लिए शिक्षा, सामाजिक सहयोग और रोजगार के क्षेत्र में नई पहल की जाएगी।


**नारनौंद।** पंचायत के बाद नवनियुक्त प्रधान शमशेर लोहान को पगड़ी पहनाते लोहान गोत्र के लोग। *फोटो: हरिभूमि*

### दी जानकारी

समय-समय पर लोहान गोत्र द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि शमशेर लोहान पिछले 9 वर्षों से लगातार इस पद पर कार्यरत हैं और इस दौरान उन्होंने समाज के हित में अनेक कार्य किए हैं। पंचायत में 22 गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से उन्हें अगले कार्यकाल के लिए पुनः अध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन किया। पंचायत में नारनौंद नगरपालिका के चेयरमैन शमशेर कूकन, बजे सिंह, बलवान लोहान, रणदीप लोहान, सरपंच प्रीतम लोहान, राममेहर, सूबे लोहान, शीलू लोहान, जंगी लोहान, बादल, धर्मवीर, घनश्याम भैणी, पार्षद सत्यवान लोहान आदि रहे।

# दीक्षांत समारोह में छाए विद्यार्थी

- आईटीआई सुरेवाला में दीक्षांत समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सुरेवाला में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद सुरेश सेलवाल और वशिष्ठ अतिथि पूर्व सरपंच बलबीर सिंह रहे। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनके अंदर छिपे हुनर को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।



**उकलाना।** अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

### विजेताओं को किया सम्मानित

संस्थान के प्रधानाचार्य प्रेम सिंह मेहरा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में पिछले वर्ष के पास-आउट विद्यार्थियों में प्रत्येक व्यवसाय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशंसा पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### श्री पंचमुखी बालाजी धाम में विशाल मेला कल

**हिसार।** श्री पंचमुखी बालाजी ट्रस्ट चौधरीवास द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चौधरीवास धाम में नव दिवसीय श्री शरद पूर्णिमा महोत्सव धाम के महंत पीठाधीश्वर गुरुजी श्री पवन कुमार जोशी के सानिध्य में अखंड नव दिवसीय संगीतमय श्री रामचरित मानस व श्री हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ का आयोजन जारी है। चौधरीवास धाम के पुजारी मोनू जोशी ने बताया कि 6 अक्टूबर को सायं श्री बालाजी महाराज का दुग्धाभिषेक, चोला व स्वर्ण श्रृंगार का कार्यक्रम होगा। कल अक्टूबर को शरद पूर्णिमा का विशाल मेला होगा जिसमें मनोकामना के लिए सामूहिक अर्जी बाबा को लगाई जाएगी। बाद में संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ मोहन तनेजा के द्वारा दरबार में किया जाएगा। संध्या 7 बजे बाबा की पूर्णिमा महाआरती होगी इसके अलावा रात्रि 9 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भव्य जागरण होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**आयोजन** तिरूपति धाम में ब्रह्मोत्सव 8 से शुरू, दिव्य वाहनों पर प्रतिदिन निकलेंगी सवारियां

# तिरुपति धाम में 7 दिवसीय ब्रह्मोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू

8 से 14 तक चलेगा ब्रह्मोत्सव काफी संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

उत्तर व दक्षिण भारतीय संस्कृति को एकसूत्र में पिरोने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में 8 से 14 अक्टूबर तक चलने वाले ब्रह्मोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इस सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव में श्रद्धालुओं को हर रोज सुबह व सायं दिव्य वाहनों पर निकलने वाली झांकियों के दर्शन होंगे। इसके साथ ही विशाल व नक्काशीयुक्त दिव्य रथ के दर्शन का भी अवसर मिलेगा। इस ब्रह्मोत्सव में हरियाणा के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। भगवान श्री वेंकटेश जी की अनुकंपा से और परम पद प्राप्त जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी जी के आशीर्वाद से यह भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अनंत श्री विभूषित नारायणाचार्य महाराज का सान्निध्य व मार्गदर्शन रहेगा। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव के पत्रक का लोकार्पण हिसार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस दौरान तिरुपति धाम से जुड़े ट्रस्टी व सदस्यों ने ब्रह्मोत्सव की विस्तृत जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर तिरुपति धाम की संचालन समिति सदस्य श्याम नारायण गुप्ता, राजीव बंसल, विपिन गोयल, रघुवीर गोयल, रामनिवास अग्रवाल सीए, राजेंद्र लोहिया व पुरुषोत्तम सिंगला सहित रमेश जिंदल, राधेश्याम सैनी आदि रहे।



**हिसार।** तिरुपति धाम के ब्रह्मोत्सव के पत्रक का लोकार्पण करते ट्रस्टीगण।

### 11 अक्टूबर को भगवान का नगर भ्रमण

11 अक्टूबर को ब्रह्मोत्सव के दौरान भगवान जी मोहिनी स्वरूप में तिरुपति धाम से नगर भ्रमण करते हुए हिसार के विभिन्न मंदिरों में दर्शन देंगे। भगवान के मोहिनी स्वरूप की सवारी शोभा यात्रा 11 अक्टूबर को प्रातः सेक्टर-14 के बुधला संत मंदिर पहुंचेगी। इसके उपरांत नई अनाज मंडी के श्री सत्यनारायण शिव मंदिर व गांधी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में सवारी के दर्शन होंगे। नगर भ्रमण करते हुए श्री देवीभवन मंदिर एवं ग्रीन पार्क स्थित संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर में भगवान की सवारी पहुंचेगी। 12 अक्टूबर को नक्काशीयुक्त विशाल घोड़ों की सवारी व आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### कवि सम्मेलन को लेकर बैठक

**हांसी।** अग्रबंधु परिषद द्वारा 8 अक्टूबर को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन माया बैंकेट में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के निमित्त आयोजन समिति की एक बैठक संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन स्थल पर सम्पन्न हुई। बैठक मे आयोजन समिति के संरक्षक कमलेश गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मनमोहन तायल, सुशील गुप्ता एवं प्रवीण सिंगला ने बताया कि बैठक मे कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों की ड्यूटियां निर्धारित की गई। कार्यक्रम मे प्रवेश केवल प्रवेश पत्र के माध्यम से मिलेगा जोकि आयोजन समिति के सदस्यों से निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।